WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 327 मेरठ, मंगलवार 15 जून, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........




# कोरोना वैक्सीन का नहीं कोई साइड इफेक्ट, पूरी तरह से सुरक्षित, आमजन को कोरोना टिकाकरण कराने के लिए करें प्रेरितः डीएम

## ❑ कोरोना मरीज की कांटेक्ट रेसिंग के सभी व्यक्तियों की कराएं जांच, परस्पर समन्वय के साथ करें कार्यः जिलाधिकारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के बालाजी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, अधिकारियों के साथ कोरोना महामारी नियंत्रण के संबंध में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन का कोई साइड इफेक्ट नहीं है और यह पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि आमजन को कोरोना टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी से कहा कि वह प्रतिदिन कोरोना के संबंध में आरटीपीसीआर जांच की पॉजिटिविटी रेट को चेक करें तथा इसको ना बढ़ने दें। उन्होंने कहा कि जो भी कोरोना मरीज मिलता है उसकी कांटेक्ट टेसिंग ठीक प्रकार से कराई जाए तथा एक्टिव केस सर्च भी ठीक प्रकार से कराया



जाए व रैपिड रिस्पांस टीम के समन्वय से कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए टीकाकरण के संबंध में कराए गए कार्यो में पल्हेडा, जय भीम नगर ,मलियाना, लखीपुरा, जाकिर कॉलोनी आदि क्षेत्रों में टीकाकरण को और गति देने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कंकरखेड़ा, जय भीम नगर, मलियाना, रजवन, खरखौदा, परीक्षितगढ़ में पॉजिटिविटी रेट अपेक्षा त बढी होने पर संबंधित एमओआईसी को निर्देशित किया कि वह आरटी पीसीआर टेस्टिंग को बढ़ाएं तथा जो कोरोना मरीज मिलता है उसके कांटेक्ट टेसिंग ठीक प्रकार से कराएं व उन सभी की जांच भी कराएं। जिलाधिकारी ने कांटेक्ट टेसिंग के संबंध में भूडबराल आदि क्षेत्रों में कांटेक्ट टेसिंग अपेक्षा त कम होने पर संबंधित एमओआईसी को निर्देशित किया कि वह कांटेक्ट टेसिंग को ठीक प्रकार से कराएं। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि वह आरटी पीसीआर की पॉजिटिविटी दर नियमित रूप से देखें तथा वह ना बढ़ने दें। उन्होंने कहा कि अभी सावधानी और सतर्कता बनाए रखनी है। उन्होंने जनपद के सभी क्षेत्रों में टीकाकरण सफलतापूर्वक हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अधिकारी आमजन से बेहतर समन्वय बनाते हुए टीकाकरण को सफल बनाएं। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों अधिकारियों से कहा कि उन्हें उनके कार्य संपादन में अगर किसी चीज की आवश्यकता है तो बताएं ताकि वह उपलब्ध कराई जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश मोहन ने कहा कि तज-चबत टेस्टिंग को बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि प्राइवेट अस्पतालों व नर्सिंग होम में टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए उनको जल्द वैक्सीन उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अखिलेश मोहन , नगर मजिस्ट्रेट एसके सिंह, एसीएमओ डॉक्टर पूजा शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अधिकारी उपस्थित रहे।

# खरखौदा में बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष, युवक की हत्या से मचा हड़कंप





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** खरखौदा थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव में सोमवार को बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इससे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। खरखौदा के हाजीपुर गांव में बच्चों के विवाद को लेकर राशिद और पड़ोसी कल्लू में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग पथराव और फायरिंग करने लगे। कल्लू पक्ष के लोगों द्वारा चलाई गई गोली राशिद के सीने में लग गई। जिसके बाद राशिद की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद खरखौदा पुलिस मौके पर पहुंची। खून से लथपथ राशिद को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के पहुंचने पर ही कल्लू पक्ष के लोग गांव से फरार हो गए। आरोपितों की धरपकड़ को पुलिस दबिश मार रही है।

# मेरठ के नए एसएसपी प्रभाकर चौधरी बनाये गए

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव की तिथियां घोषित होते ही बड़े स्तर पर आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। प्रशासन की ओर से किए गए 9 पुलिस अफसरों के तबादलों में लंबे समय से मेरठ में तैनात अजय कुमार साहनी को जौनपुर का एसपी बनाया गया है। मुरादाबाद के एसएसपी प्रभाकर चौधरी को एसएसपी मेरठ बनाया गया है। इसके अलावा दो पुलिस अफसरों को जिले से डीजीपी मुख्यालय में अटैच किया गया है। यह वह अफसर हैं, जिन्होंने बीते दिनों जिले में तैनात न रहने को लेकर मुख्यालय को चिट्ठी लिखी थी। गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक एक आईपीएस लिस्ट अभी और जारी की जा सकती है।



**इनको मिली नई तैनाती**

एसपी जौनपुर राजकरण नैयर को डीजीपी मुख्यालय से अटैच किया गया है। प्रभाकर चौधरी को मुरादाबाद से एसएसपी मेरठ बनाया गया है। आईपीएस अजय कुमार साहनी को मेरठ से एसपी जौनपुर बनाया गया है। पवन कुमार को डीजीपी मुख्यालय से एसएसपी मुरादाबाद बनाया गया है। पूनम को 35वीं वाहिनी पीएसी आगरा से एसपी अमरोहा बनाया गया। अभिनंदन कुमार को एसपी कौशांबी से बांदा बनाया गया। एसपी सुनीति को अमरोहा से डीजीपी मुख्यालय अटैच किया गया है। राधेश्याम को पुलिस अधीक्षक नियम एवं ग्रंथ उत्तर प्रदेश लखनऊ से एसपी कौशांबी बनाया गया। सिद्धार्थ शंकर मीणा को एसपी बांदा से एसपी प्रयागराज रेलवे बनाया गया है।

# कोविड की तीसरी लहर के पूर्वानुमान के मद्देनजर विम्स में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**मेरठ दर्पण-अमरोहा।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय एवं विम्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में जनपद अमरोहा के आदरणीय जिलाधिकारी वरिष्ठ आईएएस बीके त्रिपाठी जी, एडीएम विनय कुमार एवं शासन द्वारा नामित नोडल ऑफिसर डॉक्टर ए के मलिक एवं सीएमओ सौभाग्य प्रकाश एवं उत्तर प्रदेश शासन व स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विम्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कोविड की तीसरी लहर के पूर्वानुमान के मद्देनजर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आदरणीय जिलाधिकारी महोदय ने कोरोना संक्रमण के पहली और दूसरी लहर में वेंकेटेश्वरा द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यो के लिए विश्वविद्यालय एवं हॉस्पिटल प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की उन्होने उम्मीद जताई कि कोविड की तीसरी लहर में अपनी शानदार चिकित्सा



सेवाओं के लिए विम्स प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश में भी अव्वल स्थान हासिल करेगा। वेंकटेश्वरा समूह अपने दूरदर्शी अध्यक्ष एवं चेयरमैन डॉक्टर सुधीर गिरी के शानदार नेतृत्व में पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं आसपास के राज्यों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ कम दामों में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। प्रतिकुलाधिपति श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय डॉ. राजीव त्यागी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नगर निगम कर्मचारियों को आदेश, वैक्सीन लगवाओ, तभी मिलेगा वेतन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए प्रोत्साहन करने मेरठ नगर निगम ने कर्मचारियों को के लिए नया आदेश जारी किया है. इसमें कहा गया कि जून महीने की सैलरी तभी निर्गत होगी जब वे वैक्सीनेशन की सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा देंगे. अपर नगर आयुक्त श्रद्धा शांडिल्यान का कहना है कि नगर निगम के हर कर्मचारी को ये सूचना देना अनिवार्य होगा कि उन्होंने वैक्सीनेशन करवाया है या नहीं. नगर निगम में विशेष तौर पर सोमवार से स्पेशल कैंप भी लगाया गया है, जिसमें सभी कर्मचारियों का टीकाकरण किया जा रहा है। अपर नगर आयुक्त का कहना है कि शासन से लगातार सूचना मांगी जा रही थी कि मेरठ नगर निगम में कितने कर्मचारियों का टीकाकर हुआ है और कितने का छूट गया है. विभाग पूरी तरह से सूचना नहीं दे पा रहे थे. इसलिए सभी से लिखित रूप से मांगा गया है कि कितने लोगों को वैक्सीन लगा है और कितनों को नहीं लगा है. श्रद्धा शांडिल्यान का कहना है कि नगर निगम में स्पेशल कैंप भी लगाया गया है जहां कर्मचारियों का टीकाकरण कराया जा रहा है. अपर नगर आयुक्त ने कहा कि विभाग के लोगों को कहा गया है कि इस माह में लोगों की सैलरी तभी निकलेगी जब कर्मचारी सूचना दे देंगे. मेरठ नगर निगम ने साफ कर दिया है कि किसी कर्मचारी या अधिकारी ने टीका लगवाने की सूचना नहीं दी तो जून महीने का वेतन नहीं मिलेगा.गौरतलब है कि नगर निगम में करीब ढाई हजार कर्मचारियों ने अब तक वैक्सीन नहीं लगवाई है. इस जानकारी के बाद अपर नगर आयुक्त श्रद्धा शांडिल्यान ने निगम के सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर कहा है कि हर हाल में सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को टीका लगवाना सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा है कि जो कर्मचारी, अधिकारी टीका लगवा चुके हैं वे टीकाकरण का प्रमाण पत्र अवश्य दें. जो कर्मचारी, अधिकारी अब तक टीकाकरण को अस्वीकार कर चुके या नहीं लगवाया है तो वे शपथ पत्र दें कि भविष्य में कोविड 19 के कारण किसी प्रकार की अस्वस्थता अथवा दुर्घटना की स्थिति में स्वयं उत्तरदायी होंगे।



कोट पाल नर्सिंग होम पल्लवपुरम मैं रक्तदान करते समाजसेवी मनिंदर विहान भराला और अश्वनी चौधरी। अश्वनी अब तक 14 बार अपना रक्त दान कर चुके हैं।



रक्तदान करती शालिनी अग्रवाल



रक्तदान करती समाजसेवी आरती मलिक



विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते पार्षद विक्रांत ढाका।

# रक्त अनमोल है ,रक्तदान कर जीवन बचाएं: डा राजकमल यादव



डा राजीव गुप्ता

**मेरठ दर्पण–बागपत।** लायंस क्लब अग्रवाल मंडी डिस्ट्रिक्ट 321 सीवन एवं जिला रेडक्रॉस समिति बागपत व इंटरनेशनल सोसायटी बागपत के संयुक्त तत्वाधान में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला अग्रवाल मंडी टटीरी में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन बागपत के जिलाधिकारी डॉ जकमल यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा रक्त अनमोल है मानव जीवनदान के लिए सभी को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बागपत डॉ राजकिशोर टंडन ने कहां 18 से 65 वर्ष की आयु के स्वस्थ स्त्री– पुरुष रक्तदान कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉयन डॉक्टर कमला अग्रवाल ने की इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव एवं मंडलीय चौयरमैन लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि जिला रक्त बैंक के प्रभारी डॉ अनुराग वार्ष्णेय के नेतृत्व में केएल भारती, प्रीति वर्मा, योगेश कुमार, प्रवीण कोहली, धर्मेंद्र, नीरज एवं अमित कुमार ने 68 लोगो का स्वैच्छिक रक्तदान लिया शिविर संयोजक लॉयन पंकज गुप्ता एवं क्लब के उपाध्यक्ष लॉयन दीपक गोयल ने बताया कि रक्तदान करने वालों में देवेंद्र आर्य एडवोकेट,राकेश जैन, रणवीर सिंह एडवोकेट,विशाल जैन, अमित शर्मा, डॉक्टर सुभाष त्यागी उमेश शर्मा, विकास गुप्ता एवं चौधरी करण सिंह ने सपत्निक रक्तदान किया इस अवसर पर सारथी फाउंडेशन की अध्यक्ष वंदना गुप्ता एवं पूर्व चेयरमैन प्रमोद गुप्ता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लॉयन मूलचंद, डॉ रामलाल, लायन अमित शर्मा, भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री कौशल त्यागी, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित अनेक व्यक्तियों ने भाग लिया।

# 'विश्व रक्तदान दिवस' पर वेंक्टेश्वरा में 'वृह्द रक्तदान शिविर' का आयोजन




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** विश्व रक्तदान दिवस पर राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित ''विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल गजरौला एवं वी0जी0आई0 समूह मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में वृह्द रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दोनो संस्थान के पदाधिकारियों ने बढचढ कर हिस्सा लेते हुए 92 यूनिट रक्तदान किया। वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने सभी देशवासियों का रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए इसे विश्व का सबसे बड़ा महादान बताया। विम्स मल्टीस्पशियलिटी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक परिसर में आयोजित ''विम्स रक्तदान शिविर'' का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षाक सेवानि0 कर्नल डॉ0 प्रधुम्मन सिंह ने फीता काटकर किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि जो दान किसी को नया जीवन देता है, उससे बड़ा महादान कोई हो ही नहीं सकता। निशुल्क रक्तदाताओ के रक्तदान के कारण ही कोरोना महामारी में कितने लोगों की जान बचने के साथ–2 सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों में पिछले 05 वर्षो में 30 प्रतिशत तक कमी आयी है। उन्होने सभी देशवासियों से स्वेच्छा से रक्तदान की अपील की। विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी एवं मुख्यचिकित्सा अधीक्षक डॉ0 कर्नल सेवानि0 प्रधुम्मन सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 एस0सी0 मिश्रा, विम्स के सलाहकार डॉ0 आर0एन0 सिंह, डॉ0 नीतेश कुमार, नर्सिंग सुप्रीटेन्डेन्ट वेदवीर सिंह, डॉ0 रजनी निकबेकर, डॉ0 दिपाली गुप्ता, अरूण गोस्वामी, आनंन्द नागर एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोरोना महामारी के चलते व्यापारियों को राहत दिए जाने के संबंध में सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल महामंत्री विपुल सिंघल के नेतृत्व में सर्किट हाउस में सांसद विजयपाल सिंह तोमर को कोरोना महामारी के चलते व्यापारियों को राहत दिए जाने के संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री, उद्धप्रद्ध सरकार, लखनऊ के नाम दिया। संज्ञान में लाया गया कि संपूर्ण उत्तर प्रदेश 24 मार्च 2020 से कोरोना महामारी की चपेट में आया हुआ है। पिछले साल काफी लंबे समय तक लॉकडाउन रहा और उसके बाद भी कुछ व्यापार जैसे होटल, रिजॉर्ट, रेस्टोरेंट, मंडप, वाटर पार्क, सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्सेस, जिम्नेजियम, लॉकडाउन खुलने के उपरांत भी नहीं चल पाए। सरकार की पाबंदियों के कारण इन व्यवसाय पर सबसे ज्यादा आय पर फर्क पड़ा । यह सभी व्यवसाय पिछले वर्ष से अब तक नहीं उभर पाए हैं। इनमें से किसी भी व्यवसाय में अपने यहां कार्य कर रहे लोगों की तनख्वाह भी देने के लिए पैसे इकट्ठे नहीं हो पा रहे हैं। इस वर्ष भी कोरोना महामारी की दूसरी लहर ने व्यापारियों को बिल्कुल चौपट कर दिया है। अतरू संस्था सदस्य निम्न बिन्दुओं को रखांकित कर आपके द्वारा व्यापारियों को राहत प्रदान किये जाने की अपेक्षा रखते हैं। गुजरात सरकार की तर्ज पर होटल, रिजॉर्ट ,रेस्टोरेंट्स, मंडप, वाटर पार्क, सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्सेस, जिम्नेजियम पर से प्रॉपर्टी टैक्स तथा बिजली के बिल में से फिक्स चार्ज 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक की छूट प्रदान किये जाने की अपेक्षा। बाजार खुलने का समय रात्रि 10:00 बजे तक के लिए किये जाने की अपेक्षा की गयी है क्योंकि नौकरी पेशा व्यक्ति शाम 7 बजे तक अपने घर पहुँचता है जिसकी वजह से वह खरीदारी नहीं कर पाता है। राज्य मार्ग पर ढाबे, टी स्टाल, होटल, पानी, चिप्स तथा रात्री में राहगीर के जरूरत वाली वस्तुओं की दुकानें देर रात्रि तक खुली रखने के आदेश की अपेक्षा की गयी है। शनिवार व रविवार में से कम से कम एक दिन का साप्ताहिक कर्फ्यू समाप्त किये जाने की अपेक्षा की गयी है । इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला मेरठ इकाई के महामंत्री विपुल सिंघल, सुबोध गुप्ता, सुनील गुप्ता, सोनम वर्मा, हेमा गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित बच्चो को किया सम्मानित



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** मेरठ कैंट विधान सभा  रोहटा रोड पर भारतीय सेना में 3 बच्चों का चयन होने पर खुशी का माहौल है विकास एन्क्लेव निवासी डॉक्टर बी पी त्यागी के पुत्र संगम त्यागी, शालीमार गार्डन निवासी आशीष शर्मा, सनोवर अहमद पुत्र इरशाद अहमद निवासी सैनिक विहार को भाजपा मेरठ महानगर के अध्यक्ष मुकेश सिंघल ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने पर फूल माला देकर उत्साहवर्धन के साथ–साथ बुके देकर सम्मानित किया  इस मौके पर भाजपा मेरठ महानगर के उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र तोमर भाजपा नेता दुष्यंत रोहटा,  विभोर चौधरी,  प्रेस्टीज स्कूल के चेयरमैन दिग्विजय सिंह,  रिटायर्ड सूबेदार अमर सिंह , सर्वेश उपाध्याय , नरेंद्र आर्य आदि भाजपा कार्यकर्ता  उपस्थित रहे।

# आनंद अस्पताल द्वारा स्वर्ण प्राशन का प्रारम्भ



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गढ़ रोड़ स्थित आनंद अस्पताल द्वारा स्वर्ण प्राशन का प्रारम्भ किया गया। आनंद अस्पताल की एम.डी.डॉ मानसी एंव डॉ संजय जैन ने कहा कि देश के बच्चों की कोरोना की तीसरी लहर से रक्षा करने के लिए स्वर्ण प्राशन का प्रारम्भ किया गया है। यह नवजात से लेकर 16 वर्ष तक की आयु के बच्चों को एक बूंद से पांच बूंद पिलायी जाने से बच्चों की जीवनीय शक्ति बढ़ाती है एंव शारीरिक ,मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकान्त वाजपेयी ने कहा कि आनंद अस्पताल की यह सराहनीय पहल है इससे बच्चों को कोरोना की तीसरी लहर से बचाया जा सकता है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नरेश गुप्ता , नोनू पंडित , मंडल मीडिया प्रभारी नासिर सैफी आदि उपस्थित रहे।



## सेंट जेम्स स्कूल में कोविड-19 वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा वार्ड 23 के पार्षद राजेश खन्ना व पार्षद सतनाम सिंह नामी के नेतृत्व में सुभाष पुरी स्थित सेंट जेम्स स्कूल में कोविड-19 वैक्सीनेशन का कैंप लगाया गया। जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अशोक सबलोग व स्कूल के प्रिंसिपल नवीन सिंह ओर अर्पणा मैडम, भारतीय जनता युवा मोर्चा के महामंत्री वैभव त्यागी भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप भाटिया, मोहित किरवाल मौजूद रहे।



**मेरठ दर्पण-मेरठ।**युवा व्यापारी नेता कुशान गोयल के नेतृत्व में संयुक्त व्यापार संघ में मंत्री मनोनीत हुए संदीप गोयल रेवड़ी का सम्मान समारोह बुढ़ाना गेट पर रखा गया। जिसमें युवा व्यापारी भाइयों ने संदीप का फूल माला पहनाकर सम्मान किया।



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ में पूजा बंसल भाजपा नेत्री के आवास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व वरिष्ठ प्रचारक व जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद जी महाराज का प्रवास था इस दौरान समाजसेवी तुषार गुप्ता को भी परम पूज्य गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ ।

# जिलाधिकारी ने किया मतगणना के कार्यो का निरीक्षण

## मतगणना शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढ़ग से हुए



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने आज पंचायत उपचुनाव के मतगणना के कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि मतगणना शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढ़ग से हुयी। जिलाधिकारी ने ब्लॉक जानी सहित विभिन्न मतगणना केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अधिषासी अभियंता सिंचाई विभाग आषुतोष सारस्वत, संबंधित खंड विकास अधिकारी व आरओ उपस्थित रहे। पंचायत उपचुनाव-प्रधान पद पर जय सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य पर राशिद अली व बाला विजय  जिलाधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के उपचुनाव की मतगणना आज संबंधित खंड विकास कार्यालयो में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढ़ग से हुयी। उन्होने बताया कि प्रधान पद के एक पद पर, क्षेत्र पंचायत सदस्य के दो पदों पर व सदस्य ग्राम पंचायत के 2020 पदों पर उपचुनाव हुए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधान पद के एक पद पर ब्लॉक माछरा के ग्राम एत्मादपुर के लिए उपचुनाव हुआ जिसमें जय सिंह को 826 व आशीष को 802 मिल मत मिले। उन्होने बताया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य के दो पदो पर उपचुनाव हुआ, जिसमें ब्लॉक परीक्षितगढ़ के वार्ड 56 में राशिद अली को 356 व गुलजार को 285 मत मिले तथा ब्लॉक परीक्षितगढ़ के वार्ड संख्या 75 मे बाला को 526 वा राजकुमार को 451 मत मिले। इसके अतिरिक्त सदस्य ग्राम पंचायत के 2020 पद पर उपचुनाव हुए।

# बाहर के साथ अगर अंदर से खुश हैं तो त्वचा रहेगी तरोताजा: ध्वनि शाह मस्कट




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शुभ योग स्टूडियो द्वारा मस्कट से निशुल्क ऑनलाइन स्किन केअर शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें मस्कट से प्रसिद्ध चर्मरोग विशेषज्ञ ध्वनि शाह ने ऑनलाइन के माध्यम से लोगो को स्किन केअर का सेशन कराया। शुभ योग की निदेशक शुभांगनी राजपूत ने बताया कि हमारे आग्रह पर ध्वनि शाह ने इस शिविर में शिरकत की जिसके लिए शुभ योग परिवार उनका हृदय से धन्यवाद प्रकट करता है। शिविर में लोगो को स्किन को कैसे तरोताजा रखा जाए इसके टिप्स दिए। कितने प्रकार की त्वचा होती है और कैसे हम उसका ध्यान रख सकतें हैं। शुभांगनी ने बताया कि शिविर में लोगो ने बहुत उत्साह के साथ समझा कि अपनी त्वचा को कैसे सुरक्षित रख सकतें हैं। योग, ध्यान एवं प्रणायाम से आपकी त्वचा की चमक बढ़ती है। अगर आपका मन अंदर से प्रसन्न है तो आपकी त्वचा पर चमक रहेगी। कार्यक्रम के उपरांत शुभ योग की निदेशिका शुभांगनी ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया। ऑनलाइन शिविर में  पूर्वा, राधिका, रूबी, इति, तन्वी, खुशी, प्रेरणा, अपर्णा, अभिनव, रविन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार का आयोजन





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गुरूद्वारा श्री गुरू सिह सभा,कंकर खेड़ा मे पांचवे गुरू श्री गुरू अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस बहुत ही प्यार,श्रद्धा और भावना से मनाया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे संगत ने भाग लेकर,गुरबाणी कीर्तन , गुरमति विचार एंव इतिहास को श्रवण कर गुरू अर्जुन देव जी के द्वारा किए गये परोपकारो को याद किया। गुरुद्वारे के हेड ग्रंथि भाई अनुज सिंह जी नेष जपयो जिन अर्जुन देव गुरू, फिर संकट जोन गर्भ न आयो ष शब्द गायन कर वातावरण को भक्तीमय बना दिया। उक्त अवसर पर उपस्थित संगत को सम्बोधि ात करते हुए गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा,कंकर खेड़ा के प्रधान मनजीत सिंह कोछड़ ने कहा गुरू अर्जुन देव जी की लासानी शहादत ने सिक्ख इतिहास को शिखरता प्रदान कर दी। आपने गर्म तवे पर बैठ शहीद होना तो प्रवान कर लिया परन्तु जालिमो के सामने शीश नही झुकाया, गुरू अर्जुन देव जी ने बाणी का संकलन कर श्री दरबार साहिब जी अमृतसर मे प्रकाश कर आस्था,श्रद्धा एवं मानवता का बहुत बड़ा केन्द्र बना दिया।कोछड़ ने कहा गुरू अर्जुन देव जी के ऊपकारो को एवं देश- धर्म के लिए किये गये बलिदान को देशवासी सदैव याद रखेगे। आयोजन की समाप्ती के उपरान्त संगत मे लंगर एवं मीठे जल को वितरित किया गया। आज के आयोजन मे मुख्य रूप से गुरबचन सिह ढिल्लो,ध ाीर सिंह,हरप्रीत सलूजा,अजीत सिंह,हरमिन्दिर मजीठीया, ईकबाल सिह धारीवाल , गुरमेज सिंह ,परमिंदर सिंह,बलबीर सिंह,किशन छाबड़ा ने सेवा निभाई।

# गुस्सा दिखाते गये व्यापारी चेयरमैन जिंदाबाद करते हुए लौटे

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका के स्वामित्व की दुकानों की एसोसिएशन के द्वारा श्रीमती अंजू अग्रवाल पालिका अध्यक्ष को शिव चौक स्थित शिव मार्केट पर आज आमंत्रित किया गया तथा वर्षा और तूफान के चलते शिव मार्केट के बरामदे के कुछ भाग के क्षतिग्रस्त होने के कारण पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया। व्यापारी नेता संजय मित्तल द्वारा दुकानदारों की ओर से पालिका अध्यक्ष से अनुरोध किया गया की पालिका के दुकानदार अपने स्वयं के खर्च पर आर्किटेक्ट की देखरेख में क्षतिग्रस्त बरामदे का खुद निर्माण करना चाहते हैं। इसके लिए अध्यक्ष से स्वी ति प्रदान करने का आग्रह किया गया। इस पर अध्यक्ष द्वारा अपने संबोधन में कहा गया पूरा नगर मेरा परिवार है तथा पालिका दुकानदार अपने परिवार का ही हिस्सा है। काफी समय से कोविड के कारण लॉकडाउन रहते हुए बाजार बंद रहे। अब सरकार की गाइड लाइन पर बाजार खुले तो यह हादसा हो गया। इससे वाकई व्यापारियों के परिवारों जिनकी दुकानें नहीं खुल रही है, उनके सामने भरण पोषण का संकट है। अध्यक्ष द्वारा यह भी कहा गया की मुझे संजय मित्तल, रेवती नंदन व एस के बिट्टू व्यापारी नेतागण के द्वारा मेरे से मिलकर पहले ही तमाम स्थिति से मुझे अवगत करा दिया गया मैं पॉजिटिव विचारध ारा के साथ कार्य करती हूं। इसलिए मेरा पालिका दुकानदारों से यह भी आग्रह है की वह मेरे कार्यकाल में ही अपने पुराने प्रकरण मिल बैठकर सुलझा लें। हालांकि पालिका के दुकानदारों द्वारा मेरे पुतले फुके गए ,मुर्दाबाद भी किया गया। हास्य व्यंग में चुटकी लेते हुए श्रीमती अंजू अग्रवाल के द्वारा कहा गया की पालिका मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष के द्वारा तो यह भी कहा गया की 2 गज का घूंघट निकालने वाली चेयरमैन अब हमें सिखा रही है तथा पालिका अध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी कहा की मेरी 2 गज की लंबाई भी नहीं है, फिर 2 गज का घूंघट कहां से होगा इस पर उपस्थित व्यापारीगण द्वारा काफी हंसी के ठहाके की लगाएं। परंतु मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है क्योंकि आप ही लोगों ने नगरीय जनता के साथ मिलकर मुझे चेयरमैन भी बनाया है। आपके किए गए त्य से मुझे कोई तकलीफ



और अफसोस नहीं है क्योंकि आप मेरे परिवार का हिस्सा है श्रीमती अंजू अग्रवाल के द्वारा अपने संबोधन में यह भी कहा गया की जो ध नराशि पालिका की दुकानदारों की ओर सिक्मी, प्रीमियम तथा किराए आदि के प्रकरण में निकलती है, उसे भी पालिका कोष में जमा करा दें। मैं क्षतिग्रस्त बरामदे के निर्माण कि आपको सहर्ष स्वी ति प्रदान करती हूं। व्यापारियों के द्वारा तालियां बजाकर एवं अंजू अग्रवाल जिंदाबाद के नारों से अध्यक्ष का आभार भी व्यक्त किया गया। बाद में संजय मित्तल व्यापारी नेता के द्वारा अपने संबोधन में कहा गया की श्रीमती अंजू अग्रवाल एक निर्भीक लीडर है तथा कोरोना काल में लॉकडाउन के चलते वह सभी को सड़कों पर खुद सैनिटाइजर करते हुए नजर आई समैंने खुद नई मंडी श्मशान घाट पर उन्हें सैनिटाइजर करते देखा तथा इनके कार्यकाल में नगर में चहुमुखी विकास हुआ है स उपस्थित व्यापारियों के द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई स इस अवसर पर पालिका दुकानदार एसोसिएशन के संस्थापक एसके बिट्टू अध्यक्ष शिशु कांत गर्ग महासचिव, भानु प्रताप, वीरेंद्र अरोरा संरक्षक, ,व्यापारी नेता रेवती नंदन, संजय मित्तल, सुधांशु, जसप्रीत सिंह आदि के अलावा काफी संख्या में पालिका के दुकानदार तथा श्री अशोक पाल एवं श्री अमित गोस्वामी किराया लिपिकगण ,गोपाल त्यागी स्टेनो अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## शहर हुआ चक्का जाम, जाम में फंसे पुलिस कप्तान



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** शहर में लोगों ने कोरोना को जैसे भुला सा ही दिया है स 2 दिन के साप्ताहिक लॉक डाउन के बाद खुले आज बाजारों में लोगों की काफी भीड़ रही स जिसकी वजह से शहर की सभी सड़कें पूरी तरीके से जाम रही स हालात यह है कि बचन सिंह चौराहे पर जिले के कप्तान अभिषेक यादव की गाड़ी भी जाम में फस गई स शहर की कोई भी सड़क ऐसी नहीं रही जिससे जाम ना रहा हो।

## जानसठ थाना क्षेत्र में दो युवकों ने किया बालक से अप्रा तिक दुष्कर्म, वीडियो वायरल, एक गिरफ्तार दूसरा फरार

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में दो युवकों ने दस साल के बालक के साथ कथित तौर पर अप्रा तिक दुष्कर्म किया और इस हरकत का वीडियो रिकश्वर्ड कर उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। बालक के पिता ने इस बाबत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि पीड़ित के परिवार ने जो शिकायत दर्ज करवाई है उसके मुताबिक जानसठ पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में रहने वाले बच्चे को युवक रविवार को गन्ने के खेत में ले गए जहां उन्होंने बालक के साथ दुष्कर्म किया। परिवार ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। थाना प्रभारी डी के त्यागी ने बताया कि आरोपी गौरव और सेठल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिस और प्रशासन की सख्ती के चलते महावीर चौक पर रुके क्रांति सेना के कार्यकर्ता, हंगामा

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद डॉ संजीव बालियान के आवास पर धरना देने के लिए प्रकाश चौक कार्यालय से निकले क्रांति सेना के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को पुलिस ने महावीर चौक पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। इस पर ये लोग महावीर चौक पर ही सड़क पर बैठ कर नारेबाजी करने लगे।इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह व सीओ सिटी कुलदीप सिंह ओर इंस्पेक्टर उम्मेद सिंह ने वहीं आकर उनका ज्ञापन लिया। क्रांति सेना व हिन्दू संगठन ने जिला पंचायत सदस्य शाहनवाज पर गोहत्या व कई मुकदमों में वांछित होने का आरोप लगाते हुए भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ वीरपाल निर्वाल को उनके समर्थन पर नाराजगी जताते हुए भड़काऊ नारे लगाए। हिंदू संगठनों ने कहा कि अगर बीजेपी के नेताओं ने शहनवाज का समर्थन वापस नहीं किया तो उनके



खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा जो अनिश्चितकालीन होगा। शाम को केंद्रीय मंत्री के आवास पर हिंदू संगठनों की जन प्रतिनिधियों की एक बैठक होने जा रही है जिसमें शाम तक कोई हल निकल सकता है। इसको देखते हुए हिंदू नेता मनोज सैनी ने कहा कि या तो हम लिख ले या फिर शहनवाज पर कार्रवाई हो शहनवाज पर कार्रवाई होगी तो हम अपना धरना प्रदर्शन वापस लेंगे नहीं तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलेगा और 2022 के चुनाव में बीजेपी को सबक सिखा दिया जाएगा बीजेपी को हिंदुओं ने गौ हत्या के नाम पर ही वोट दी थी जिससे गौ हत्यारों को सजा मिले और इन पर एनएसए लगे। गौ हत्या बंद हो लेकिन इन तीनों चीजों में अभी भी सरकार की तरफ से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। धरना प्रदर्शन में बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

## जिले में आठ अगस्त तक धारा–144 लागू

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में 08 अगस्त तक धारा–144 लागू कर दी गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में ईदुज्जुहा बकरीद, एवं श्रावण शिवरात्रि आदि अन्य त्यौहार मनाये जाने प्रस्तावित है, व विभिन्न विद्यालयों विश्व विद्यालयों एवं संस्थाओं की प्रतियोगीध्सामान्य तथा तकनीकीध्गैर तकनीकी परीक्षाएं आयोजित की जानी है। साथ ही विभिन्न राजनैतिकध्सामाजिक संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन के ष्टिगत अवांछनीय तत्वों द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था के विपरीत कार्य करते हुए जनपद की शान्ति एवं कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाला जा सकता है। उक्त के अतिरिक्त उपचुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन करते हुए त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत उपचुनाव–2021 की सुचिता को प्रभावित कर सकते है। चूॅकि यह जनपद एक अति संवेदनशील जिला है, विगत अनुभवों के आधार पर इस जनपद में छोटी–छोटी घटनाओं को लेकर कई बार साम्प्रदायिक रूप से विवाद उत्पन्न होते रहे है। नोवेल कोरोना वायरस कोविड–19 का संक्रमण भी अभी प्रभावी है, जिसके नियन्त्रण हेतु वैक्सीन लगाये जाने टीकाकरण अभियान का कार्यक्रम भी चल रहा है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अराजक तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही एवं क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कडे निर्देश दिये गये है। इस परिप्रेक्ष्य में सम्पूर्ण जनपद के 21 थाना क्षेत्रों, जिसमें महिला थाना भी सम्मिलित है, प्रतिबन्धात्मक आदेश लागू करने के लिये मेरा समाधान हो गया है कि वर्तमान परिवेश में शान्ति एवं कानून व्यवस्थाध्लोक पर शान्ति बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद में धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत प्रतिबन्धात्मक आदेश निर्गत किये जाते है। प्राप्त सूचना से सन्तुष्ट होते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से मैं, अमित सिंह, अपर जिला मजिस्ट्रेट द्धप्रशासनञ्, मुजफ्फरनगर दण्ड प्रक्रिया संहिता की ध ारा–144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित निषेधाज्ञा जारी करता हूॅ। जनपद की सीमा के क्षेत्रान्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पॉच या पॉच से अधिक व्यक्ति बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के एकत्र नहीं होंगे। यह प्रतिबन्ध विद्यालयों तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, वैवाहिक कार्यक्रम, पूजा स्थलों एवं कार्यालयों पर लागू नहीं होगा। किसी भी धार्मिक स्थल, विद्यालय एवं किसी भी सार्वजनिक स्थल पर किसी भी प्रकार का कोई अवैधानिक कार्य नही किया जायेगा। कोविड–19 को देखते हुए सार्वजनिक भोज आदि की व्यवस्था न की जाए जिसमें कोविड प्रसार की सम्भवना हो।

## सिर्फ बीस हजार की सुपारी देकर करा दिया मर्डर

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** सिर्फ बीस हजार की सुपारी देकर एक प्राइवेट फैक्ट्री के सिक्योरिटी गार्ड की हत्या करा दी गयी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर काली नदी के जंगल से सिक्योरिटी गार्ड का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मूल रुप से गांव नंगला ताशी थाना कंकरखेडा मेरठ निवासी इंद्रपाल फिलहाल अपने परिवार के साथ सुजडू गांव में किराए पर रह रहा है। वह वहलना स्थित प्राइवेट फैक्ट्री मंगलम में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। 8 जून को वह फैक्ट्री में नौकरी पर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद उसका सुराग नहीं मिला तो उसके बेटे संजय ने उसकी गुमशुदगी शहर कोतवाली में दर्ज करायी थी। कोतवाली प्रभारी योगेश शर्मा ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड की पत्नी आरोपी नौशाद निवासी सुजडू के गोदाम में काम करती थी। वह उसकी पत्नी पर बुरी नियत रखता था। सिक्योरिटी गार्ड के अपनी पत्नी को फैक्ट्री में काम करने से मना करने पर आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। आरोपी ने इसी रंजिश में उसकी हत्या की प्लानिंग तैयार की। आरोपी ने पास के गोदाम में काम करने वाले सुहैल निवासी संधावली व शाहिद अंसारी निवासी मुरादनगर जिला गाजियाबाद को 20 हजार रुपये की सुपारी देकर सिक्योरिटी गार्ड की हत्या कराने की प्लानिंग तैयार कर दी। प्लानिंग के अनुसार तीनों आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को 8 जून को दवात खिलाने के बहाने काली नदी के जंगल में शामली बाइपास पर ले गए। शराब पीकर नशा होने पर दो आरोपियों ने सिक्योरिटी गार्ड की अगौछे से गला दबाकर हत्या कर कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी निशानदेही पर सिक्योरिटी गार्ड का शव काली नदी के जंगल से बरामद कर लिया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक– अंकित गुप्ता** **RNI NO. UPHIN 2016/69845** **फोन%** 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।